# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः गोप0/प्रयो0/22
दिनांक : 01.06.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक दिनांकः 12.05.2020 के मद संख्या 02 में पारित संकल्प के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः गोप0/20, दिनांक 30.05.2020 के तारतम्य में स्पष्ट करना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांकः 12.05.2020 के मद संख्या 02 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के पत्र दिनांकः 30.05.2020 द्वारा वैश्विक महामारी कोविड–19 के दृष्टिगत वार्षिक एवं सेमेस्टर की मौखिक/प्रयोगात्मक परीक्षाओं को यथाशीघ्र सम्पादित किये जाने के लिए, महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को अपने स्तर से आन्तरिक/बाह्य परीक्षकों को नामित करते हुए, मौखिक/प्रयोगिक परीक्षाओं को 10 दिवसों में सम्पन्न करा लेने की अपेक्षा की गई है। उक्त निर्गत पत्र के सम्बन्ध में कतिपय प्राचार्य/शिक्षकों द्वारा यह जिज्ञासा की जा रही है कि लॉकडाउन के दौरान प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाएं कैसे सम्पन्न करायी जाएगी। उक्त सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या लॉकडाउन समाप्त होने के उपरान्त 10 दिवस के अन्तर्गत प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाएं सम्पन्न करा लें।

यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाना समीचीन होगा कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के लिए विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षकों को नामित किया जायेगा। जिन स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षक नामित किये जा चुके हैं, परन्तु परीक्षकों द्वारा समय न देने के कारण प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न नहीं हो सकी है, ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय से पूर्व की भाँति दूसरे परीक्षकों को नामित कराकर लॉकडाउन समाप्त होने के उपरान्त अविलम्ब प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न करा ली जाये।

भवदीय,

उप कुलसचिव (गोप0)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
प्रभारी कमेटी सेल को सूचनार्थ।
प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (गोप0)